This is a digitally signed Gazette, to verify click here.
http://rajpatrahimachal.nic.in

राजपत्र, हिमाचल प्रदेश

हिमाचल प्रदेश राज्य शासन द्वारा प्रकाशित

मंगलवार, 12 अप्रैल, 2022 / 22 चैत्र, 1944

हिमाचल प्रदेश सरकार

परिवहन विभाग

अधिसूचना

शिमला–171002, 7 अप्रैल, 2022

संख्याः टी.पी.टी.–एफ.(9)–3 / 2016–IV.––भारत के माननीय उच्चतम न्यायालय ने 2012 की रिट याचिका (सिविल) संख्या 295, नामतः एस. राजासीकरन बनाम यूनियन ऑफ इण्डिया एण्ड अद्र्ज में तारीख

22–4–2014 को पारित आदेश के पैरा 32 में सड़क सुरक्षा पर न्यायालय की ओर से अनुश्रवन (मॉनीटरिंग) प्रक्रिया का वचनबंध करने के लिए एक समिति का गठन किया है और अनुपालना हेतु समय–समय पर विभिन्न निदेश जारी किए हैं;

माननीय सर्वोच्च न्यायालय द्वारा पारित विभिन्न निदेशों के दृष्टिगत हिमाचल प्रदेश के राज्यपाल, मोटरयान अधिनियम, 1988 (1988 का अधिनियम संख्यांक 59) की धारा 212 के साथ पठित धारा 138 (1क) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, हिमाचल प्रदेश सड़क सुरक्षा निधि और क्रियाकलाप नियम, 2022 बनाने के प्रस्ताव के प्रारूप को इस विभाग की अधिसूचना संख्याः टी.पी.टी.–एफ.(9)–3 / 2016–III तारीख 08–02–2022 द्वारा अधिसूचित और इससे संभाव्य प्रभावित होने वाले व्यक्ति(यों) से राजपत्र (ई–गजट), हिमाचल प्रदेश में अधिसूचना के प्रकाशन की तारीख से एक मास के भीतर आक्षेप और सुझाव आमन्त्रित करने के लिए, तारीख 14–02–2022 को राजपत्र (ई–गजट), हिमाचल प्रदेश में प्रकाशित किया गया था;

और नियत अवधि के भीतर इस निमित्त प्राप्त आक्षेप(पों) और सुझाव(वों) को सम्यक् रूप से विचार किया गया और अस्वीकृत किया गया;

अतः हिमाचल प्रदेश के राज्यपाल, माननीय सर्वोच्च न्यायालय द्वारा उपरोक्त मामले में पारित विभिन्न निदेशों के दृष्टिगत और मोटरयान अधिनियम, 1988 (1988 का अधिनियम संख्यांक 59) की धारा 212 के साथ पठित धारा 138 (1क) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, निम्नलिखित नियम बनाते हैं, अर्थात्:––

1. संक्षिप्त नाम और प्रारम्भ.––(1) इन नियमों का संक्षिप्त नाम हिमाचल प्रदेश सड़क सुरक्षा निधि और क्रियाकलाप नियम, 2022 है।

(2) ये नियम राजपत्र (ई–गज़ट), हिमाचल प्रदेश में प्रकाशन की तारीख से प्रवृत्त होंगे।

2. परिभाषाएं.––(1) इन नियमों में, जब तक कि संदर्भ से अन्यथा अपेक्षित न हो,––

(क) "अधिनियम" से, मोटरयान अधिनियम, 1988 (1988 का केन्द्रीय अधिनियम संख्यांक 59) अभिप्रेत है;

(ख) "क्रियाकलाप" से, निधि के उद्देश्यों को प्राप्त करने के लिए कार्यान्वित कार्यकलाप / परियोजनाएं / संकर्म स्कीम अभिप्रेत है और इसके अन्तर्गत सड़क सुरक्षा कार्यकलापों इत्यादि से सम्बद्ध परियोजनाएं कार्यक्रम, संकर्म स्कीमें भी हैं;

(ग) "खण्ड" से, इन नियमों के अधीन खण्ड अभिप्रेत है;

(घ) "प्रशमन फीस" से, मोटर यान अधिनियम, 1988 की धारा 200 के अधीन प्राधिकृत अधिकारियों द्वारा संगृहीत फीस अभिप्रेत है;

(ङ) "प्रवर्तन अभिकरण" से, मोटर यान अधिनियम, 1988 के अधीन चालान करने की शक्तियों का प्रयोग करने के लिए प्राधिकृत परिवहन, पुलिस और अन्य विभागों के अधिकारी अभिप्रेत हैं;

(च) "वित्तीय वर्ष" से, अप्रैल के प्रथम दिवस से प्रारम्भ होने वाली और 31 मार्च को समाप्त होने वाली बारह मास की अवधि अभिप्रेत है;

(छ) "निधि" से, इन नियमों के नियम 3 के अधीन स्थापित हिमाचल प्रदेश सड़क सुरक्षा निधि अभिप्रेत है;

(ज) "वित्त विभाग" से, हिमाचल प्रदेश सरकार का वित्त विभाग अभिप्रेत है;

(झ) "नेक व्यक्ति" से ऐसा व्यक्ति अभिप्रेत है जो पुलिस को किसी मोटर यान दुर्घटना के बारे में सूचित करता है या जो दुर्घटना से पीड़ित को अस्पताल ले जाता है;

(ञ) "कार्यान्वयन समिति" से, इन नियमों के नियम 12 के अधीन गठित समिति अभिप्रेत है;

(ट) "एकीकृत सड़क दुर्घटना डाटाबेस" (आई आर ए डी) से, राज्य द्वारा वैज्ञानिक आंकड़ा (डाटा) संग्रहण और विष्लेषण एवं रिपोर्टों को तैयार करने के लिए विकसित क्रैश डाटा प्रबन्धन प्रणाली अभिप्रेत है;

(ठ) "राज्य परिवहन विकास और सड़क सुरक्षा परिषद्" से, राज्य सरकार द्वारा माननीय परिवहन मन्त्री, हिमाचल प्रदेश की अध्यक्षता के अधीन गठित परिषद् अभिप्रेत है;

(ड) "राज्य" से हिमाचल प्रदेश राज्य अभिप्रेत है;

(ढ) "राज्य सरकार" से हिमाचल प्रदेश सरकार अभिप्रेत है;

(ण) "राज्य स्तरीय प्रबन्धन समिति" से, इन नियमों के नियम 8 के अधीन निधि और सड़क सुरक्षा कार्यकलापों के समुचित प्रबन्धन के लिए गठित समिति अभिप्रेत है;

(त) "सड़क सुरक्षा समिति" से, 2012 की रिट याचिका (सिविल) संख्या 295–डा0 एस0 राजासीकरन बनाम यूनियन ऑफ इण्डिया एण्ड अद्र्ज में पारित निर्णय के पैरा 32 में माननीय उच्चतम न्यायालय द्वारा गठित सड़क सुरक्षा समिति (स0सु0स0) अभिप्रेत है; और

(थ) "अग्रणी अभिकरण / सड़क सुरक्षा प्रकोष्ठ" से, राज्य सरकार द्वारा परिवहन विभाग की अधिसूचना संख्याः टी0 पी0 टी0–एफ0(9)–3 / 2016–III, तारीख 16–07–2019 और समय–समय पर इस निमित जारी किसी अन्य अधिसूचना द्वारा परिवहन निदेशालय में गठित अग्रणी अभिकरण / सड़क सुरक्षा प्रकोष्ठ, अभिप्रेत है।

(2) समस्त अन्य शब्दों और पदों के जो इन नियमों में प्रयुक्त हैं किन्तु इनमें परिभाषित नहीं हैं; वही अर्थ होंगे जो क्रमशः उनके अधिनियम में हैं।

3. हिमाचल प्रदेश सड़क सुरक्षा निधि की स्थापना और विनियमन.––(1) हिमाचल प्रदेश में सड़क सुरक्षा को सुदृढ़ करने और सड़क सुरक्षा उपायों और कार्यकलापों के क्रियान्वयन के उद्देश्य से राज्य सरकार द्वारा "हिमाचल प्रदेश सड़क सुरक्षा निधि" नाम से ज्ञात एक निधि स्थापित की जाएगी।

(2) निधि को राज्य स्तरीय प्रबंध समिति द्वारा संचालित और प्रबंधित किया जाएगा।

(3) निधि की बाबत प्रशासनिक विभाग हिमाचल प्रदेश सरकार का परिवहन विभाग होगा।

4. निधि के उद्देश्य.––(1) निधि का उपयोग सामान्यतः राज्य में सड़क सुरक्षा उपायों से संबन्धित निम्निलिखित कार्यकलापों / परियोजनाओं / स्कीमों / संकर्मों के लिए किया जाएगा, अर्थात्:––

(क) कार्यकलाप तैयार करना और स्कीमों, परियोजनाओं और सड़क सुरक्षा और संबन्धित कार्यकलापो से संबन्धित जागरूकता कार्यक्रमों / अभियानों को स्कूलों, महाविद्यालयों, संस्थानों आदि में सूचना, शिक्षा और संचार के माध्यम से कार्यान्वित करना;

(ख) सुरक्षित वाहन चालन शिक्षा प्रदान करना और जनसाधारण के मध्य यातायात नियमों के प्रति जागरूकता उत्पन्न करना;

(ग) सड़क दुर्घटना आंकड़ा (डाटा) संग्रहण / एकत्रीकरण को बढ़ाना, ब्लैक स्पॉटों की पहचान करना, ब्लाइन्ड स्पॉटों (अन्ध बिन्दु), दुर्घटना संभावित / संभाव्य असुरक्षित स्थानों या संभावित स्थलों का सुधार करना तथा श्रेष्ठतर से निम्नतर प्रवर्ग की सड़कों और बह जाने वाली सड़कों में से पारगमन सहित उच्च आयतन स्थानों में सड़क दुर्घटनाओं के कारणों के गहन वैज्ञानिक अध्ययन के लिए निवारक उपाय या सुधारात्मक उपाय करना;

(घ) अधिक भार लदान (ओवरलोडिंग) सहित यातायात नियमों के प्रभावी प्रवर्तन के लिए पुलिस और परिवहन विभागों को सड़क सुरक्षा संबन्धी उपकरण उपलब्ध कराना तथा सड़क दुर्घटनाओं पर नियन्त्रण रखना;

(ङ) चालन (ड्राइविंग) प्रशिक्षण और स्वचालित चालक (ड्राइवर) परीक्षण पट्टियों के सन्निर्माण सहित चालन (ड्राइविंग) अनुज्ञप्ति (लाइसेंस) जारी करने की प्रणाली को सुदृढ़ करना और उसमें सुधार करना;

(च) मोटर यानों की उपयुक्तता की प्रमाणीकरण–प्रणाली को पूर्ण रूप से स्वचालित और प्रभावी बनाने के लिए पग उठाना;

(छ) सुरक्षित चालन (ड्राइविंग) शिक्षा केन्द्रों के माध्यम से शिक्षार्थी अनुज्ञप्ति के आकांक्षियों को सुरक्षित चालन शिक्षण प्रदान कराना;

(ज) यानों के सुरक्षित चालन हेतु सड़क संकेत, पटरियों (पैदल मार्गों) का चिन्हांकन, टक्कर नाकों (क्रैश बैरियरों), गति प्रतिरोधकों को स्थापित करने के लिए आवश्यक कदम उठाना और सड़क का उपयोग करने वाले समस्त प्रवर्गों के सुरक्षित आवागमन के लिए फुटपाथ, पैदल चलने के मार्गों पर पारगमन सुविधाएं, गति धीमी करने के उपाय उपलब्ध कराना;

(झ) बचाव अभियान और आपातकालीन सहायता तथा उत्तरदायी प्रतिक्रिया के लिए सड़कों के साथ–साथ अधिक दुर्घटना संभावित स्थलों में नेक व्यक्तियों (पहली सहायता करने वाले) / प्रथम उत्तरदाताओं / स्वयंसेवकों को प्रशिक्षित और सुसज्जित करना;

(ञ) प्रत्येक जिला में मानसिक आघात (ट्रोमा) केन्द्रों की स्थापना करने के लिए आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करना;

(ट) स्कूल–बसों में क्षमता से अधिक संख्या में छात्रों की रोकथाम सुनिश्चित करना; और

(ठ) सड़क सुरक्षा पर माननीय उच्चतम न्यायालय की समिति के आदेश और राज्य की सड़क सुरक्षा पॉलिसी के अनुसार सड़कों पर सड़क सुरक्षा से संबन्धित कोई अन्य कार्यकलाप।

(2) सामान्यतः, निम्नलिखित या सड़क सुरक्षा पर माननीय उच्चतम न्यायालय की समिति के अधिदेश और राज्य की सड़क सुरक्षा पॉलिसी के अनुसार सड़क सुरक्षा से संबन्धित कोई अन्य कार्यकलाप इस निधि में से वित्तपोषित किए जाएंगं, अर्थात्:––

(अ) सड़क सुरक्षा उपायः

1. सड़क दुर्घटना आंकड़ों के एकत्रीकरण में बढ़ौतरी करना, घातक स्थानों (ब्लैक स्पॉटस) की पहचान करना, दुर्घटना–पश्च देखभाल के लिए अस्पतालों को सम्बद्ध करना और यातायात पुलिस तथा सड़क दुर्घटनाओं के नियन्त्रण के लिए पॉलिसियां बनाना, "एकीकृत सड़क दुर्घटना डाटाबेस" (आई आर ए डी) को उन्नत करना;

2. सड़क दुर्घटनाओं के कारणों का गहन वैज्ञानिक अध्ययन करने के पश्चात् निवारक / सुधारात्मक उपाय करना;

3. दुर्घटना संभावित स्थलों / संभावी / असुरक्षित स्थलों की पहचान करना;

4. स्थैतिक तोलन पुलों / पूर्णतः स्वाचालित गति–तोलन–पुलों और बंद परिधि टेलीविजन कैमरों (सी सी टी वी कैमरा) की स्थापना और अनुरक्षण सहित यातायात प्रबधंन और सड़क सुरक्षा उपकरणों का क्रय और उनका अनुरक्षण करना;

5. चालन अनुज्ञप्ति (ड्राइविंग लाइसेंस) प्रणाली के सुदृढ़ीकरण के लिए स्वचालित चालन (ड्राइविंग) प्रशिक्षण और जांच–ट्रैक स्थापित करना;

6. निरीक्षण और प्रमाणीकरण केन्द्र या यानों की उपयुक्तता की जांच तथा उपयुक्तता प्रमाण पत्र जारी करने के लिए प्राधिकृत चल परीक्षण केन्द्र स्थापित करना;

7. परिबद्ध यानों के लिए पार्किंग क्षेत्र का अनुरक्षण करना; और

8. सड़क सुरक्षा उपायों और यातायात प्रबंधन से संबंधित किसी अन्य कार्य का जिम्मा लेना जिन्हें राज्य स्तरीय स्थायी समिति समुचित या उपयोगी समझे।

(आ) यातायात / सड़क सुरक्षा शिक्षणः

1. राज्य में सड़क सुरक्षा के पालन के लिए सड़क सुरक्षा अभियान आरम्भ करना;

2. यातायात शिक्षण पार्क स्थापित करना;

3. जनसंचार के विभिन्न माध्यमों से यातायात नियमों का व्यापक प्रचार–प्रसार करना;

4. सड़क सुरक्षा और यातायात प्रबंधन से संबंधित प्रचार सामग्री तैयार करना;

5. यातायात नियमों की जानकारी प्रदान करने के लिए प्रतियोगिताओं का आयोजन करना और छात्रों और जनसाधारण के मध्य सड़क सुरक्षा के बारे में जागरूकता उत्पन्न करना;

6. यातायात शिक्षण से संबंधित उपस्करों का क्रय और उनका अनुरक्षण करना;

7. सड़क सुरक्षा सप्ताहों, प्रदर्शनियों और नुक्कड़–नाटकों का आयोजन करना;

8. चालकों, स्कूलों, बालकों, युवकों, महाविद्यालयों, औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों (आई टी आईज़) आदि के लिए सड़क सुरक्षा से संबंधित सेमिनारों, कार्यशालाओं, बैठकों, जनसभाओं, प्रतियोगिताओं और ऐसे अन्य कार्यक्रमों का आयोजन करना;

9. पुलिस, परिवहन और अन्य पणधारी विभागों के विभिन्न पक्तियों (रैंकस) के अधिकारियों / कर्मचारिवृन्द के लिए यातायात संबंधी प्रशिक्षण का आयोजन करना;

10. सड़क दुर्घटनाओं को नियंत्रित करने के लिए यातायात प्रबंधन में सुधार हेतु अध्ययन संचालित करना;

11. सभी प्रकार के मोटर यानों के चालकों के लिए नेत्र परीक्षण शिविरों का आयोजन करना;

12. सड़क सुरक्षा के क्षेत्र में कार्यरत गैर–स्वयंसेवी संगठनों को अधिक सड़क सुरक्षा कार्यकलापों को कार्यान्वित करने के लिए अनुदान प्रदान करना;

13. आकांक्षियों / नवीकरण–आवेदकों को चालन अनुज्ञप्ति जारी करने से पूर्व सुरक्षित चालन (ड्राइविंग) शिक्षण केंद्रों के माध्यम से सड़क सुरक्षा शिक्षा प्रदान करना; और

14. सड़क सुरक्षा की दृष्टि से आवश्यक कोई अन्य कार्यक्रम / कार्यकलाप।

(इ) यातायात प्रवर्तनः

1. गति सीमा का उल्लंघन करने वालों, लालबत्ती लांघने वालों, यान चलाते समय मोबाइल फोन का उपयोग करने, नशे में यान चलाने, अधिक भार वाले वाणिज्यिक / यात्री यानों, सड़क के किनारे असुरक्षित ढंग से पार्क किए गए यानों आदि के लिए भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में उत्तोलक (क्रेन) सहित आधुनिक यातायात प्रबन्धन और प्रवर्तन उपस्कर का क्रय, प्रचालन और उनका अनुरक्षण करना;

2. परिवहन और पुलिस विभाग द्वारा व्यधानक (अवरोधक) का क्रय करना और उसका अनुरक्षण करना;

3. यातायात नियमों के उल्लंघनकर्ताओं के प्रति शून्य–सहिषुणता (जीरो टॉलरैंस) सुनिश्चित करने के लिए विधि–प्रवर्तन–कर्मचारियों और यातायात वार्डनों को उपस्कर उपलब्ध कराना; और

4. अधिक दुर्घटनाभिमुखी शहरी / ग्रामीण क्षेत्रों में नियन्त्रण और समादेश केन्द्र (केन्द्रों) (कमाण्ड सेन्टरज़) सहित जी0पी0एस0 / जी0आई0एस0 आधारित आसूचना परिवहन प्रणाली की स्थापना करना।

(ई) सड़क इंजीनियरी (अभियांत्रिकी) :

1. धुंधले स्थानों (ब्लैक स्पॉटस), दुरारोह ढलानों (स्टीप ग्रेडज़), अन्धे मोड़ों, बचाव संघर्षों (रेस्क्यू कानप्लिक्टस), मिलन स्थलों (जंक्शन्ज़), चौराहों का सुधार करना और दुर्घटनाओं के अधिक प्रवाहों सहित स्थानों की पहचान करना और श्रेष्ठत्तर (उच्चतर) श्रेणी से निम्नतर (निचली) श्रेणी की सड़कों से समुचित पारगमन सहित धुंधले स्थानों (ब्लैक स्पॉटस) को हटाना;

2. सड़क से बाहर चले जाने वाली दुर्घटनाओं में कमी के लिए विध्वंस अवरोधों (क्रैश बैरियरज), रक्षाभित्तियों, गति अवरोधकों, पटिकाओं का चिन्हनांकन, पूर्व परावर्तक फीतों, पटरियों के चिन्हनांकन, अंकनों इत्यादि की व्यवस्था करना;

3. सार्वजनिक सुरक्षा के हित में, जहां अन्य विभागों के लिए उसे स्थापित / अनुरक्षित करना संभव नहीं है, तत्काल स्थानीय आवश्यकताओं के अनुसार अनिवार्य विनियामक, सतर्क करने वाले और जानकारी पूर्ण सड़क संकेत पट (साइन बोर्ड), विभिन्न यातायात संकेतक, संकेत स्थापित करना और उनका अनुरक्षण करना;

4. असुरक्षित सड़क उपयोगकर्ताओं, दिव्यांग व्यक्तियों, वरिष्ठ नागरिकों और बालकों के लिए उचित पैदल यात्री अविच्छन्न फूटपाथों, क्रॉस–ओवर सुविधाएं और गति धीमी करने के उपाय सुनिश्चित करना;

5. सड़क संरचना से दूर, जहां कहीं अधिक्रमणों से सड़कों को मुक्त करना साध्य है, फैरीवालों, निजी यान मरम्मत कार्यशालाओं को सुविधाएं प्रदान करने की व्यवस्था करना; और

6. अधिक दुर्घटना संभावित राष्ट्रीय राजमार्गों / राज्य राजमार्गों / प्रमुख जिला सड़कों / शहरी सड़कों की स्टार रेटिंग के मार्गप्रदर्शन के लिए सुरक्षित गलियारे (कारीडोर) की संकल्पना को बढ़ावा देना।

(उ) आपातकालीन देख–भाल :

1. दुर्घटना के पश्चात् की प्रतिक्रिया में सुधार के लिए मानसिक आघात केन्द्रो (ट्रॉमा सेन्टरज) के माध्यम से दुर्घटना पीड़ितों को स्वर्णिम काल बचाव और चिकित्सा सहायता और चिकित्सा पूर्व देखभाल प्रदान करना;

2. दुर्घटना पीड़ितों को नकद–रहित उपचार प्रदान करना या लागू सरकारी स्कीमों के माध्यम से चिकित्सा राहत प्रदान करना;

3. सड़क दुर्घटनाओं में घायल व्यक्तियों को सरकारी / निजी अस्पतालों में ले जाने पर उपगत व्यय की प्रतिपूर्ति करना;

4. पुलिस स्वास्थ्य देखभाल सुविधाओं, बचाव सेवाओं रोगी वाहन दस्ते (एम्बुलेंस फ्लीटस) क्रेन / रिकवरी टो ट्रकस आदि के मध्य निर्बाध नेटवर्किंग के लिए एकल टोल–फ्री हेल्पलाइन की व्यवस्था करना;

5. रोगी वाहन (एम्बुलेंस), प्राथमिक चिकित्सा पेटिका, उपकरणों संचार प्रणाली से पुष्ट चिकित्सा–सम्बधी (पैरामेडिक), बचाव और आपातकालीन सहायता प्रणाली की क्षमता का निर्माण करना; और

6. आपातकालीन और प्रवर्तन प्रतिक्रिया की सहायता करने के लिए अधिक दुर्घटना संभावित क्षेत्रों में स्वयंसेवकों को प्रशिक्षित और सुसज्जित करना।

5. निधि के स्रोत.––(1) निधि के निम्नलिखित स्रोत होंगेः––

(क) गत वित्तीय वर्ष के दौरान वित्त विभाग, अधिनियम, के अन्तर्गत मुख्य शीर्ष 0041–यान पर कर, 101–प्राप्ति, 04–शास्ति, पुलिस एवं परिवहन विभागों द्वारा एकत्रित प्रशमन शुल्क के पचास प्रतिशत के बराबर का बजटीय उपबन्ध कर सकता है;

(ख) राज्य सरकार या भारत सरकार या किसी अन्य अभिकरण द्वारा दिया गया / किया गया कोई भी वित्तीय अभिदाय, दान आदि;

(ग) कोई निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व (सी एस आर) निधि या स्वैच्छिक अभिदाय योगदान; और

(घ) सरकार द्वारा सेवाओं पर प्रभार उदगृहीत करना।

(2) उप नियम (1) के खंड (ख), (ग) और (घ) के अधीन वित्तीय अभिदाय भी निधि में निक्षिप्त (जमा) किए जाएंगे।

6. निधि का अनुरक्षण और संपरीक्षा.––(1) परिवहन विभाग के सहायक नियन्त्रक (वित्त एवं लेखा) के पर्यवेक्षणाधीन सड़क सुरक्षा प्रकोष्ठ के लेखा अनुभाग या निदेशक परिवहन द्वारा यथा प्राधिकृत कोई ऐसा अन्य वित्त अधिकारी सरकारी वित्तीय नियम और कार्यकारी अनुदेशों और खजाना / सुसंगत नियमों, जो लागू हैं, के उपबन्धों के अनुसार निधि से उपगत व्यय के लेखों का अनुरक्षण करेगा।

(2) लेखों का प्रत्येक मास के अन्त में मिलान किया जाएगा और वित्तीय वर्ष के लिए सड़क सुरक्षा निधि के व्यय की प्राप्ति और व्यय का विवरण वित्तीय वर्ष की समाप्ति पर सदस्य सचिव को उपलब्ध करवाया जाएगा।

(3) निधि अव्यपगत होगी और निधि में शेष अनुपयोजित रकम निधि में अगले वित्तीय वर्ष के लिए अग्रनीत की जाएगी।

(4) लेखों की संपरीक्षा महालेखाकार, हिमाचल प्रदेश द्वारा की जाएगी।

7. निधि का लेखांकन और वर्गीकरण तथा वित्तीय प्रक्रिया.––(1) भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा अनुमोदित किसी वाणिज्यिक बैंक में दो पृथक बैंक खाते खोलकर निधि स्थापित की जाएगी। प्रथम खाते में

सरकार की ओर से बजट आबंटन को जमा किया जाएगा, जबकि दूसरे खाते में सरकारी स्रोतों से अन्यथा अभिदाय जमा किया जाएगा।

(2) सरकारी जमा पर प्रोद्भूत ब्याज प्रत्येक वित्तीय वर्श की समाप्ति के पश्चात् बैंक में राज्य सरकार के प्राप्ति शीर्ष में जमा किया जाएगा, जबकि कोई अभिदाय / दान, जिसके अंतर्गत सरकार से अन्यथा स्रोतों से उस पर प्रोद्भूत ब्याज है, निधि का भाग होगा।

(3) सड़क सुरक्षा के लिए बजट / निधियां परिवहन विभाग की मांग संख्याः 25 के अन्तर्गत मुख्य शीर्षः 2041–यानों पर कर, लघु शीर्षः 800–अन्य प्रभार, उप–शीर्ष–01–सड़क सुरक्षा निधि, एस0ओ0ई020–अन्य प्रभार के अधीन आबंटित की जाएंगी।

(4) किसी भी वित्तीय वर्ष के लिए वार्षिक कार्य योजना के अधीन समिति द्वारा अनुमोदित कार्यकलापों / परियोजनाओं / संकर्मों के संबंध में निधियां आहरित की जाएंगी और प्रत्यक्षतः परिवहन विभाग के सड़क सुरक्षा कोष में अन्तरित की जाएगी।

(5) उप–नियम (3) में यथा उल्लिखित शीर्ष के अंतर्गत आबंटित बजट अव्यपगत होगा और अग्रणी अभिकरण / सड़क सुरक्षा कक्ष (प्रकोष्ठ) वित्तीय वर्ष के अंत में अनुपयोजित बजट के आहरित करने के लिए सक्षम होगा और वह निधि का भाग बन जाएगा।

(6) वार्षिक कार्य योजना से संबंधित व्यय जिसके अंतर्गत पणधारी / लाइन विभागों को अंतरित की जाने वाली निधियां है, निधि में से उपगत किया जाएगा।

(7) पणधारी / लाइन विभाग निधि से आबंटित निधियों का समुचित अभिलेख और लेखांकन का अनुरक्षण करेगा / करेंगे और ऐसी निधियों के समुचित उपयोजन के लिए उत्तरदायी होगा / होंगे।

(8) पणधारी / लाइन विभाग इस प्रकार आबंटित निधियों के उपयोजन प्रमाण–पत्र अग्रणी अभिकरण / सड़क सुरक्षा (प्रकोष्ठ) को अर्धवार्षिक आधार पर, या जब कभी अग्रणी अभिकरण / सड़क सुरक्षा प्रकोष्ठ द्वारा मांग की जाए, प्रस्तुत करेंगे।

8. राज्य स्तरीय प्रबंध समिति.––(1) राज्य सरकार, निम्नलिखित से मिलकर एक राज्य स्तरीय प्रबंध समिति गठित करेगीः–

(*i*) मुख्य सचिव, हिमाचल प्रदेश सरकार . .अध्यक्ष;

(*ii*) अतिरिक्त मुख्य सचिव / प्रधान सचिव / सचिव (वित्त) . .सदस्य;

(*iii*) अतिरिक्त मुख्य सचिव / प्रधान सचिव / सचिव (परिवहन) . .सदस्य;

(*iv*) अतिरिक्त मुख्य सचिव / प्रधान सचिव / सचिव (लोक निर्माण विभाग) . .सदस्य;

(*v*) अतिरिक्त मुख्य सचिव / प्रधान सचिव / सचिव (गृह) . .सदस्य;

(*vi*) अतिरिक्त मुख्य सचिव / प्रधान सचिव / सचिव (स्वास्थ्य) . .सदस्य;

(*vii*) अतिरिक्त मुख्य सचिव / प्रधान सचिव / सचिव (शिक्षा) . .सदस्य;

(*viii*) प्रधान सचिव / सचिव(विधि) . .सदस्य;

(*ix*) पुलिस महानिदेशक, हिमाचल प्रदेश . .सदस्य;

(*x*) प्रबंध निदेशक हिमाचल पथ परिवहन निगम एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी, हिमाचल प्रदेश शहरी परिवहन एवं बस अड्डा प्रबन्धन एवं विकास प्राधिकरण (एम0डी0, एच आर टी सी एवं सी0ई0ओ0 एच पी सी टी बी एस एम एवं डी ए) . .सदस्य; और

(*xi*) निदेशक परिवहन, हिमाचल प्रदेश . .सदस्य–सचिव।

(2) राज्य स्तरीय प्रबंध समिति के समस्त सदस्य पदेन–सदस्य होंगे।

9. राज्य स्तरीय प्रबन्ध समिति की शक्तियां और कर्त्तव्य.––(1) प्रत्येक पणधारी विभाग अर्थात् लोक निर्माण, परिवहन, पुलिस, शिक्षा और स्वास्थ्य परिलक्षित कार्यकलापों / प्रस्तावित परियोजनाओं / सड़क सुरक्षा पर वार्षिक योजना में सम्मिलित किए जाने वाले संकर्मों के प्राक्कलन राज्य स्तरीय प्रबन्ध समिति के सदस्य सचिव को प्रस्तुत करेगा। समिति, पणधारी विभागों द्वारा परिलक्षित सड़क सुरक्षा पर वार्षिक कार्य योजना के रूप में निधि के अधीन वित्तपोषित किए जाने वाले कार्यकलापों / परियोजनाओं / संकर्मों को प्राथमिकता देगी और उन्हें अनुमोदित करेगी।

(2) राज्य स्तरीय प्रबंध समिति निधि की प्रभारी होगी और सड़क सुरक्षा उपायों से सम्बन्धित कार्यकलापों / परियोजनाओं / संकर्मों के अनुमोदन और मंजूरी के लिए उत्तरदायी होंगी।

(3) राज्य स्तरीय प्रबन्ध समिति सड़क सुरक्षा पर वार्षिक कार्य योजना के अधीन अनुमोदित कार्यकलापों / परियोजनाओं / संकर्मों की भौतिक और वित्तीय प्रगति का अनुश्रवण करेगी।

(4) राज्य स्तरीय प्रबन्ध समिति इन नियमों के अनुसार निधि के लेखों का समुचित अनुरक्षण सुनिश्चित करेगी।

(5) सड़क सुरक्षा पर वार्षिक कार्य योजना के अधीन अनुमोदित समस्त कार्यकलापों / परियोजनाओं / संकर्मों की प्रास्थिति समिति द्वारा राज्य परिवहन विकास और सड़क सुरक्षा परिषद् के समक्ष सूचनार्थ और आगामी परामर्श हेतु प्रस्तुत की जाएगी।

(6) सचिव (परिवहन), हिमाचल प्रदेश सरकार, राज्य स्तरीय प्रबन्ध समिति द्वारा अनुमोदित समस्त कार्यकलापों / परियोजनाओं / संकर्मों के प्रशासनिक अनुमोदन और व्यय मंजूरी के लिए सक्षम प्राधिकारी होगा।

(7) अग्रणी अभिकरण राज्य स्तरीय प्रबन्ध समिति द्वारा यथा अनुमोदित निदेशक, परिवहन के कार्यालय में स्थापित अग्रणी अभिकरण / सड़क सुरक्षा कक्ष (प्रकोष्ठ) के कार्यकरण से सम्बन्धित व्यय (आवर्ती और अनावर्ती) अनुमोदित करने हेतु सक्षम होगा।

10. राज्य स्तरीय प्रबन्ध समिति की बैठकें.––(1) राज्य स्तरीय प्रबन्ध समिति की बैठक हेतु गणपूर्ति अध्यक्ष सहित कम से कम छह सदस्यों से होगी।

(2) राज्य स्तरीय प्रबन्ध समिति किसी वित्तीय वर्ष में प्रत्येक छह मास में कम से कम एक बार बैठक करेगी।

11. राज्य स्तरीय प्रबन्ध समिति के सदस्य–सचिव के कर्त्तव्य.–– (1) राज्य स्तरीय प्रबन्ध समिति का सदस्य–सचिव सड़क सुरक्षा पर वार्षिक कार्य योजना में सम्मिलित करने हेतु पणधारी सरकारी विभाग से प्राप्त परिलक्षित कार्यकलापों, प्रस्तावित परियोजनाओं / संकर्मों के प्राक्कलन, राज्य परिवहन विकास और सड़क सुरक्षा परिषद्, किसी संसद–सदस्य, सड़क सुरक्षा समिति से सलाह या स्वप्रेरणा से कार्यसूची तैयार करके सम्यक् परीक्षण के पश्चात् निधि प्रबंधन हेतु राज्य स्तरीय प्रबन्ध समिति के समक्ष रखेगा।

(2) सदस्य–सचिव बैठकों का आयोजन करेगा और बैठक की कार्यवाहियों को अभिलिखित करेगा।

(3) सदस्य–सचिव, समिति के अनुमोदन के पश्चात् अध्यक्ष के हस्ताक्षराधीन बैठक के तात्विक (औपचारिक) कार्यवृत जारी करेगा।

(4) सदस्य–सचिव, अनुमोदित कार्यकलापों / प्रस्तावित परियोजनाओं / संकर्मों के सफल निष्पादन हेतु पणधारी विभागों के मध्य समन्वय करेगा।

(5) सदस्य–सचिव, समिति की प्राप्तियों और व्यय की विस्तृत रिपोर्ट या जैसा समय–समय पर अपेक्षित हो, तैयार करेगा।

(6) सदस्य–सचिव इन नियमों के अनुसार निधि के पृथक् लेखों का अनुरक्षण सुनिश्चित करेगा।

(7) सदस्य–सचिव नियमित रूप से वार्षिक सड़क दुर्घटना आकड़ों का प्रकाशन सुनिश्चित करेगा।

12ण कार्यान्वयन समिति.––राज्य सरकार परिवहन विभाग में निम्नलिखित से मिलकर बनने वाली एक कार्यान्वयन समिति का गठन करेगीः––

1.	निदेशक, परिवहन	. .अध्यक्ष;
2.	अतिरिक्त आयुक्त (अग्रणी अभिकरण / सड़क सुरक्षा कक्ष)	. .सदस्य सचिव;
3.	अधिशाषी अभियन्ता, (अग्रणी अभिकरण / सड़क सुरक्षा कक्ष)	. .सदस्य
4.	पुलिस उप–अधीक्षक, (अग्रणी अभिकरण / सड़क सुरक्षा कक्ष)	. .सदस्य
5.	उप–निदेशक (स्वास्थ्य) (अग्रणी अभिकरण / सड़क सुरक्षा कक्ष)	. .सदस्य
6.	उप–निदेशक (शिक्षा) (अग्रणी अभिकरण / सड़क सुरक्षा कक्ष)	. .सदस्य
7.	उप निदेशक (परिवहन) (अग्रणी अभिकरण / सड़क सुरक्षा कक्ष)	. .सदस्य; और

8. सहायक नियन्त्रक . .सदस्य;
(वित्त एवं लेखा)
परिवहन विभाग

13. निधि से वित्तपोषित कार्यकलापों / परियोजनाओं / संकर्मों के निष्पादन के लिए उत्तरदायित्व.–– (1) अनुमोदित कार्यकलाप / परियोजनाएं / संकर्म अनुमोदित वार्षिक योजनाओं के अनुसार सम्बन्धित पणधारी विभागों द्वारा निष्पादित किए जाएंगे। अनुमोदित कार्यकलापों / परियोजनाओं / संकर्मों का कार्यान्वयन राज्य स्तरीय प्रबंध समिति द्वारा यथा अनुमोदित समस्त कार्यकलापों / परियोजनाओं / संकर्मों के सफल निष्पादन हेतु कार्यान्वयन समिति द्वारा समन्वित और अनुश्रवण (मॉनिटर) किया जाएगा।

(2) पणधारी विभागों के विभागाध्यक्ष राज्य स्तरीय प्रबन्ध समिति द्वारा अनुमोदित समस्त कार्यकलापों / परियोजनाओं / संकर्मों के सफल निष्पादन के लिए उत्तरदायी होंगे। विभागाध्यक्ष उनकी अपनी–अपनी अधिकारिता के क्षेत्र के भीतर निधि से वित्तपोषित विभिन्न कार्यकलापों / सन्निर्माण परियोजनाओं / आस्तियों (परिसम्पत्तियों) / उपस्करों के अनुरक्षण और मरम्मत के कार्यान्वयन का नियमित अनुश्रवण (मॉनिटर) करने के लिए उत्तरदायी होंगे। सम्बन्धित पणधारी विभागाध्यक्ष मासिक आधार पर अनुमोदित कार्यकलापों / परियोजनाओं / संकर्मों की भौतिक और वित्तीय प्रगति का पर्यवेक्षण, अनुश्रवण और पुनरीक्षण करेंगे और प्रत्येक कार्यकलाप / परियोजना / संकर्म की प्रगति रिपोर्ट और समापन प्रमाण–पत्र कार्यान्वयन समिति के सदस्य–सचिव को भेजेगें।

(3) समय–समय पर यथा लागू सरकारी वित्तीय नियम और कार्यकारी अनुदेश और खजाना / सुसंगत नियमों का समस्त प्राप्तियों / क्रयों (खरीदों) और अनुमोदित क्रियाकलापों / परियोजनाओं / संकर्मों के कार्यान्वयन के लिए सर्वथा पालन किया जाएगा।

14. अग्रणी अभिकरण / सड़क सुरक्षा कक्ष (प्रकोष्ठ).––अग्रणी अभिकरण / सड़क सुरक्षा कक्ष (प्रकोष्ठ) के कृत्य निम्न प्रकार से होंगेः––

(*i*) राज्य सड़क सुरक्षा परिषद् का सचिवीय के रूप में कार्य करना, परिषद् की बैठकों की व्यवस्था करना, इसके कार्यवृत्त जारी करना और राज्य के सम्बद्ध विभाग द्वारा परिशद् के विनिश्चयों के कार्यान्वयन का अनुश्रवण करना;

(*ii*) सड़क सुरक्षा पर माननीय उच्चतम न्यायालय समिति द्वारा समय–समय पर जारी निर्देशों के कार्यान्वयन को सुनिश्चित करने के लिए राज्य के सम्बद्ध विभागों के साथ समन्वय करना और समयबद्ध रीति में अनुपालना रिपोर्ट प्रस्तुत करना;

(*iii*) केन्द्रीय / राज्य सरकार द्वारा समय–समय पर दिए गए निर्देशों का कार्यान्वयन सुनिश्चित करना;

(*iv*) राज्य सरकार द्वारा यथा नियत दुर्घटनाओं और मौतों में कमी के लिए वार्षिक लक्ष्य अधिसूचित करना और लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए वार्षिक कार्य योजना बनाना और इसके कार्यान्वयन का अनुश्रवण करना;

(*v*) सड़क दुर्घटनाओं पर नियमित आधार पर आंकड़ों का मिलान करना और क्षेत्रों / सड़क विस्तार–क्षेत्रों और दुर्घटना पीड़ितों के वर्गों, जिन पर ध्यान केन्द्रित करना अपेक्षित है, के आंकड़ों का विश्लेशण करना;

(*vi*) सड़क सुरक्षा निधि का प्रबन्धन करना और यह सुनिश्चित करना कि निधि प्रभावी रूप से उपयोजित की जाए;

(*vii*) सरकार द्वारा समय–समय पर समनुदेशित सड़क सुरक्षा से सम्बन्धित कोई अन्य कार्य।

15. निरसन और व्यावृत्तियां.—(1) राज्य में सड़क सुरक्षा कार्यकलापों को कार्यान्वित करने के लिए परिवहन विभाग की अधिसूचना संख्याः परि–छ(5)–5 / 98–II, तारीख 31 अगस्त, 2006 द्वारा अधिसूचित हिमाचल प्रदेश रोड सेफ्टी एंक्टिीविटीज़ स्कीम, 2006 का इन नियमों के प्रारम्भ की तारीख से एतद्द्वारा निरसन किया जाता है।

(2) उप नियम (1) में निर्दिष्ट स्कीम के निरसन का उसके पूर्ववर्ती प्रवर्तन या तद्धीन की गई किसी बात पर कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा।

(3) उप नियम (1) के अधीन स्कीम के निरसन के होते हुए भी स्कीम के अधीन निपटान हेतु लंबित समस्त वाद, आवेदन या अन्य कार्यवाहियों उप नियम (1) के अधीन निरसित स्कीम के उपबंधों के अनुसार निपटाए जाएंगे / जाएगी मानो स्कीम निरसित ही न की गई हो।

आदेश द्वारा,
आर0 डी0 नजीम,
प्रधान सचिव (परिवहन)।

———————

[Authoritative English text of this Department Notification No. TPT-F(9)-3/2016-IV dated 7th April, 2022 as required under clause (3) of Article 348 of the Constitution of India].

TRANSPORT DEPARTMENT

NOTIFICATION

Shimla-2, the 7th April, 2022

No. TPT-F(9)-3/2016-IV.—WHEREAS, the Hon'ble Supreme Court of India in para 32 of the Order dated 22-04-2014 passed in Writ Petition (Civil) No. 295 of 2012 titled as S. Rajaseekaran *Vs* Union of India and others has constituted a Committee on Road Safety to undertake the process of monitoring on behalf of the Court and passed various directions from time to time for compliance;

AND WHEREAS, in view of the various directions passed by the Hon'ble Apex Court, the draft notification to frame the Himachal Pradesh Road Safety Fund and Activities Rules, 2022 as required under section 138 (1A) read with Section 212 of the Motor Vehicles Act, 1988 (Act. No 59 of 1988), was notified *vide* this deparment notification No. TPT-F(9)-3/2016-III, dated 08-02-2022 and published in the Rajpatra (e-Gazette), Himachal Pradesh on 14-02-2022 for inviting objection(s) and suggestion(s) from the person(s) likely to be affected thereby within a period of one month from the date of publication of the notification in the Rajpatra (e-Gazette), Himachal Pradesh;

AND WHEREAS, the objection(s)/suggestion(s) received in this behalf within stipulated period have been duly considered and rejected;

NOW, THEREFORE, in view of the various directions passed by the Hon'ble Apex Court in the above titled case and in exercise of the powers conferred by Section 138 (1A) read with Section 212 of the Motor Vehicles Act, 1988 (Act. No 59 of 1988), the Governor of Himachal Pradesh is pleased to make the following Himachal Pradesh Road Safety Fund and Activities Rules, 2022, namely :—

1. Short Title and commencement.—(1) These rules may be called the Himachal Pradesh Road Safety Fund and Activities Rules, 2022.

(2) These rules shall come into force from the date of publication in Rajpatra (e-Gazette), Himachal Pradesh.

2. Definitions.—(1) In these rules, unless the context otherwise requires,—

(*a*) "Act" means the Motor Vehicle Act, 1988 (Central Act No. 59 of 1988);

(*b*) "Activities" means activities/projects/work scheme implemented to achieve the objective of the Fund and includes projects, programmes, work schemes relating to road safety activities etc;

(*c*) "Clause" means the clause under these rules;

(*d*) "Compounding fee" means the fee collected by the officers authorized under section 200 of the Motor Vehicle Act, 1988;

(*e*) "Enforcing agencies" means the officers of the Transport, Police and other Departments authorised to exercise the powers of challan under the Motor Vehicle Act, 1988;

(*f*) "Financial Year" means a period of twelve months commencing on the first day of April and ending on 31st March;

(*g*) "Fund" means the Himachal Pradesh Road Safety Fund established under rule 3 of these rules;

(*h*) 'Finance Department' means Finance Department of the Government of Himachal Pradesh;

(*i*) 'Good Samaritan' means a person who informs the police of any motor vehicle accident or who transports a victim of an accident to the hospital;

(*j*) "Implementation Committee" means a Committee set up under rule 12 of these rules;

(*k*) "Integrated Road Accident Database (iRAD)" means the crash data management system developed by the State for scientific data collection and analysis and generation of reports;

(*l*) "State Transport Development and Road Safety Council" means the Council constituted under the Chairmanship of Hon'ble Transport Minister, Himachal Pradesh by the State Government;

(*m*) "State" means the State of Himachal Pradesh;

(*n*) "State Government" means the Government of Himachal Pradesh;

(*o*) "State Level Managing Committee" means a Committee set up under rule 8 of these rules for proper management of the Fund and road safety activities;

(*p*) 'Committee of Road Safety' means a Committee on Road Safety (CoRS) constituted by the Hon'ble Supreme Court of India in para 32 of the judgement passed in Writ Petition (Civil) No. 295 of 2012- Dr. S. Rajaseekaran *Vs* Union of India and others ; and

(*q*) "Lead Agency/Road Safety Cell" means Lead Agency/Road Safety Cell set up in the Directorate of Transport by the State Government *vide* Transport Department notification No. TPT-F (9)-3/2016-III, dated 16-07-2019 and any other notification issued in this regard from time to time.

(2) All other words and expressions used in these rules but not defined therein shall have the same meaning as are respectively assigned to them under the Act.

3. Establishment and regulation of the Himachal Pradesh Road Safety Fund.—(1) There shall be established a Fund by the State Government to be known as "**Himachal Pradesh Road Safety Fund"** with the object of strengthening road safety and implementation of road safety measure and activities in Himachal Pradesh.

(2) The fund shall be operated and managed by the State Level Managing Committee.

(3) The Administrative Department in respect of Fund shall be Transport Department of the Government of Himachal Pradesh.

4. Objectives of the Fund.—(1) The fund shall generally be utilized for the following activities/ projects/schemes/works relating to road safety measures in the State, namely:—

(*a*) to formulate activities and implement schemes, projects and awareness programmes/ campaigns pertaining to road safety and related activities through information education and communication in schools, colleges, institutions etc;

(*b*) to impart safe driving education and create awareness about traffic rules among the public;

(*c*) to enhance road accident data collection/gathering, identification of black spots, improvement of blind spots, accident prone/potential/ vulnerable spots or potential places and to take corrective measures or reformatory measures for in-depth scientific study of the causes of road accidents in high incidence locations including transition from higher to lower category roads and run-of-roads;

(*d*) to provide road safety related equipment to police and transport departments for effective enforcement of traffic rules including overloading and controlling road accidents;

(*e*) to strengthen and improve the system of issuance of driving licences including construction of driving training and automated driver testing tracks;

(*f*) to take steps to make the certification system of fitness of motor vehicles fully automatic and effective;

(*g*) to provide safe driving education to the learner license aspirants through safe driving education centres;

(*h*) to take necessary steps to install road signs, pavement marking, crash barriers, speed restrictions for safe plying of vehicles and provide footpaths, pedestrian cross overs facilities, speed calming measures for safe movements of all categories of road users;

(*i*) to train and equip the Good Samaritans/first responders/volunteers in high accident-prone locations along roads for the rescue operation and support emergency and enforcement response;

(*j*) to ensure necessary steps to establish trauma centre in each district;

(*k*) to ensure checking of over-loading of school buses; and

(*l*) any other activity relating to road safety on roads as per mandate of the Hon'ble Supreme Court Committee on Road Safety and Road Safety Policy of the State.

(2) Broadly, the following or any other activity relating to road safety on roads as per mandate of the Hon'ble Supreme Court Committee on Road Safety and Road Safety Policy of the State shall be financed from this Fund, namely:-

(A) Road Safety Measures:

1. To upgrade Integrated Road Accident Database (iRAD) for enhancing road accident data gathering, identification of blackspots, to connect hospitals providing post-accident care and the Traffic Police and making policies to control road accidents;

2. To take corrective/reformatory measures after in-depth scientific study of the causes of road accidents;

3. To identify accident prone spots/potential/ vulnerable places;

4. To purchase and maintain equipment for traffic management and road safety including installation and maintenance of static weigh bridges/fully automated weigh-in-motion bridges and CCTV cameras;

5. To set up automated driving training and testing tracks for strengthening the driving license system;

6. To set up Inspection and Certification centers or Mobile authorized testing stations for checking fitness of vehicles and issuance of certificate of fitness;

7. To maintain parking areas for impounded vehicles; and

8. To undertake any other work related to road safety measures and traffic management which the State Level Standing Committee deems proper or useful.

(B) Traffic/Road Safety Education:

1. To undertake road safety campaign to make road safety a culture in the State;

2. To establish traffic education parks;

3. To make wide publicity of traffic rules through different modes of media;

4. To prepare publicity materials related to road safety and traffic management;

5. To organize competitions for imparting knowledge of traffic rules and building awareness about road safety among students and general public;

6. To purchase and maintain equipment related to traffic education;

7. To organize road safety weeks, exhibitions and nukkad nataks;

8. To organize seminars, workshops, meetings, rallies, competitions and other such programmes related to road safety for drivers, schools, children, youth, colleges/ITIs etc.;

9. To organize traffic related training for different ranks of officers/staff of police, transport and other stakeholder departments;

10. To conduct studies to improve traffic management for controlling road accidents;

11. Organise Eye Testing Camps for Drivers of all kinds of motor vehicles;

12. Providing Grant-in-Aid to Non-Voluntary Organisation working in the field of road safety to carry out more road safety activities;

13. Road Safety Education through Safety Driving Education Centres before issue of driving licences to aspirants/renewal applicants; and

14. Any other programme /activity necessary from road safety point of view.

(C) Traffic Enforcement:

1. To purchase, operate and maintain modern traffic management and enforcement equipment including cranes on congestion areas for speed limit violators, red light jumping, use of mobile phones while driving, drunken driving, overloaded commercial/ passenger vehicles, dangerously parked vehicles along roads etc.;

2. To purchase and maintain interceptors by the Transport and Police Departments;

3. To provide equipment to law enforcement officials and traffic wardens for ensuring zero tolerance of traffic rules violators; and

4. To establish GPS/GIS based Intelligence Transport System combined with control and command centre(s) in high accident prone urban/rural areas.

(D) Road Engineering:

1. To improve Black-spots, steep grades, blind curves, rescue conflicts, junctions, intersections, identification and mapping of locations with a high incidence of accidents, elimination of black spots with proper transition from higher category to lower category roads and implement corrective measures;

2. To provide crash-barriers for reduction of run-of road accidents, parapets, speed restrictions, chevron markings, retro-reflective tapes, pavement markings, delineators etc.;

3. To install and maintain mandatory/ regulatory, cautionary and informative road sign boards, various traffic signals, signage's as per immediate local needs, in the interest of public safety, **where it is not possible for other departments to install/ maintain the same;**

4. To ensure proper pedestrian continuous footpaths, cross-over facilities and speed calming measures to vulnerable road users, persons with disabilities, senior citizens, and children;

5. To provide facilities to hawkers, private vehicle repair workshops' away from road infrastructure, wherever feasible to relieve the roads from encroachments; and

6. To promote Safe Corridor Concept for piloting star rating of the high accident prone National Highways /State Highways/Major District Roads/Urban roads.

(E) Emergency Care:

1. To provide golden hour rescue and medical aid and pre-medical care to accident victims through trauma centers for improving post-accident response;

2. To provide cashless treatment to accident victims or provide medical relief through applicable Government Schemes;.

3. To reimburse expenditure incurred on the transportation of the injured persons in road accidents to Government/ private hospitals;

4. To provide single toll-free helpline for seamless networking amongst police, health care facilities, rescue services, fleet of ambulances, cranes /recovery tow trucks etc.;

5. To build capacity for paramedic, rescue and emergency response system supported by ambulances, first-aid kits, tools, communication system; and

6. To train and equip the volunteers in high accident prone areas to support emergency and enforcement response.

5. Sources of Fund.—(1) The following shall be sources of the Fund:—

(*a*) The Finance Department may make a budgetary provision equal to the 50% of the compounding fee collected by the Police and Transport Departments under the Act in Major Head 0041- Taxes on Vehicle, 101-Receipt, 04-Penalty during the previous financial year;

(*b*) Any financial contribution, grant, donation etc. made/given by the State Government or the Government of India or any other agency;

(*c*) Any Corporate Social Responsibility (CSR) fund or voluntary contribution; and

(*d*) Levy of charges on the services by the Government.

(2) The financial contributions under clauses (b), (c) and (d) of sub- rule(1) shall also be deposited in the Fund.

6. Maintenance of Fund and Audit.—(1) The Accounts Section of the Road Safety Cell, under the supervision of the Assistant Controller (F and A) of Transport Department or such other Finance Officer as authorized by the Director, Transport, shall maintain accounts of the expenditure incurred from the Fund in accordance with the provisions herein, Government Financial Rules and Executive Instructions and Treasury/Relevant Rules, as applicable.

(2) The accounts shall be reconciled at the end of each month and Receipt and Expenditure statement of the Road Safety Fund for the Financial Year, shall be made available to the Member-Secretary, at the closure of the Financial Year.

(3) The Fund shall be non-lapsable and the unutilized amount left in the Fund at the end of each financial year shall be carried forward to the next financial year in the Fund.

(4) The accounts shall be audited by the Accountant General, Himachal Pradesh.

7. Accounting and Classification of Fund and Financial Procedure.— (1) The Fund shall be established by opening two separate Bank accounts in any commercial Bank approved by RBI. In 1st account, the budget allocations from the Government will be deposited, whereas in the 2nd account, the contributions from other than Government sources will be deposited.

(2) The interest accrued on the Government deposits in a Bank will be deposited in the receipt head of the State Government after the end of each financial year, whereas, any contribution/donation including interest accrued thereon, from sources other than Government, shall form a part of the Fund.

(3) The budget/funds for Road Safety shall be allocated under Demand No. 25 of Transport Department under Major Head: 2041 – Taxes on Vehicles, Minor Head: 800–Other Charges, Sub-Head 01-Road Safety Fund, SOE: 20 - Other Charges.

(4) The funds in respect of the activities/ projects/works approved by the committee under the Annual Action Plan for a given Financial Year shall be drawn and directly transferred into the Road Safety Fund of the Transport Department.

(5) The budget allocated under the Head of Account as mentioned in sub-rule (3) shall be non-lapsable and the Lead Agency/Road Safety Cell shall be competent to draw the unutilized budget at the end of the Financial Year, and same shall constitute a part of the Fund.

(6) The expenditure related to the Annual Action Plan, including the funds to be transferred to the stakeholder/line departments, shall be incurred out of the Fund.

(7) The stakeholder/line departments shall maintain proper record and accounting of the funds allocated out of the Fund, and shall be responsible for proper utilization of such funds.

(8) The stakeholder/line departments shall submit the utilization certificates of the funds so allocated to the Lead Agency/ Road Safety Cell, on half yearly basis, or as and when requisitioned by the Lead Agency/ Road Safety Cell.

8. State Level Managing Committee.—The State Government shall constitute a State Level Managing Committee consisting of following:—

(*i*) Chief Secretary to Government of H.P. . .*Chairman;*

(*ii*) ACS/Principal Secretary/Secretary (Finance) . .*Member;*

(*iii*) ACS/Principal Secretary/Secretary (Transport) . .*Member;*

(*iv*) ACS/Principal Secretary/Secretary (PWD) . .*Member;*

(*v*) ACS/Principal Secretary/Secretary (Home) . .*Member;*

(*vi*) ACS/Principal Secretary/Secretary (Health) . .*Member;*

(*vii*) ACS/Principal Secretary/Secretary (Education) . .*Member;*

(*viii*)Principal Secretary/Secretary (Law) . .*Member;*

(*ix*) Director General of Police, H.P. . .*Member; and*

(*x*) MD, HRTC –*cum*-CEO HPCT BSM and DA . .*Member*

(*xi*) Director Transport, H.P. . .*Member-Secretary*

(2) All the members of State Level Managing Committee shall be Ex-officio members.

9. Powers and Duties of State Level Managing Committee.—(1) Each stakeholder department *i.e.* PWD, Transport, Police, Education and Health will submit to the Member-Secretary of the State Level Managing Committee the estimates of identified activities/proposed projects/ works to be included in the Annual Plan on Road Safety. The Committee shall prioritise and approve the activities/projects/works identified by the stakeholder departments to be financed under the Fund as Annual Action Plan on Road Safety.

(2) The State Level Managing Committee shall be in-charge of the Fund and responsible for approval and sanction of the activities/projects/works related to road safety measures.

(3) The State Level Managing Committee shall monitor the physical and financial progress of the activities/projects/works approved under Annual Action Plans on Road Safety.

(4) The State Level Managing Committee shall ensure proper maintenance of accounts of the Fund in accordance with these rules.

(5) The status of all activities/projects/works approved under **Annual Action Plan on Road Safety** shall be placed by the Committee before the State Transport Development and Road Safety Council for the information and further advice.

(6) The Secretary (Transport) to the Government of Himachal Pradesh shall be the competent authority to accord administrative approval and expenditure sanction for all approved activities/projects/works by the State Level Managing Committee.

(7) The Lead Agency shall be competent to approve expenditure (Recurring or Non-recurring) related to functioning of Lead Agency/ Road Safety Cell established in the office of Director Transport as approved by the State Level Managing Committee.

10. Meeting of State Level Managing Committee.—(1) The quoram for the meeting of the State Level Managing Committee shall be of minimum six members including Chairman.

(2) The State Level Managing Committee shall meet atleast once in every six months in a financial year.

11. Duties of the Member- Secretary of State Level Managing Committee.—(1) The Member-Secretary of the State Level Managing Committee shall place the estimates of identified activities/proposed projects/ works received from stakeholder Government Department for inclusion in the **Annual Action Plan on Road Safety**, advisory from State Transport Development and Road Safety Council, any Member of Parliament Road Safety Committee or prepare *suo-moto* agenda before the State Level Managing Committee for Fund Management after due examination.

(2) The Member-Secretary shall organise the meetings and record the proceedings of Meeting.

(3) The Member-Secretary shall after approval of the Committee, issue formal minutes of meeting under the signature of the Chairman.

(4) The Member-Secretary shall co-ordinate among stakeholder departments for successful execution of approved activities/ proposed projects/ works.

(5) The Member-Secretary shall prepare detailed report of receipts and expenditure to the Committee or as may be required from time to time.

(6) The Member-Secretary shall ensure maintenance of a separate account of the Fund in accordance with the rules.

(7) The Member-Secretary shall ensure publishing the annual road accident data regularly.

